पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

प्रेस विज्ञप्ति

31 मार्च, 2022

पीएफसी द्वारा अपनी सीएसआर पहल के माध्यम से कक्षाओं के निर्माण के लिए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को वित्तीय सहायता प्रदत्त

नई दिल्ली, 03 मार्च 2022, पीएफसी, एक महारत्न कंपनी और विद्युत क्षेत्र में भारत की अग्रणी एनबीएफसी, ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के साथ समझौता-ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं। एएमयू सिटी गर्ल्स हाई स्कूल, अलीगढ़ में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के माध्यम से अपनी सीएसआर पहल के तहत . 1.27 की अनुमानित लागत से छह कक्षाओं का निर्माण किया।

श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त), पीएफसी और श्री अब्दुल हामिद, (आईपीएस) रजिस्ट्रार, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की उपस्थिति में एमओए पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर एएमयू और पीएफसी के कार्यपालक निदेशक श्री रिजवानुर रहमान और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस पहल पर विचार करने का प्रमुख उद्देश्य अलीगढ़ शहर और उसके आसपास लड़कियों की शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। एएमयू सिटी गर्ल्स हाई स्कूल छात्राओं को शिक्षा प्रदान करता है, जिनमें से अधिकांश समाज के निचले सामाजिक-आर्थिक तबके से हैं, जहां छात्रों के माता-पिता/अभिभावक दैनिक वेतन भोगी हैं और उनकी वार्षिक आय 1 लाख रुपए से कम है। वर्तमान में, स्कूल में लगभग 19 सेक्शन में 850 विद्यार्थी पढ़ते हैं। नई कक्षाओं के निर्माण से इंफ्रास्ट्रक्चर का बोझ कम होगा, जिससे उच्च छात्र नामांकन अनुपात के साथ बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

यह परियोजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन में भी सहायक होगी, जिसका उद्देश्य बाल शिक्षा और मूलभूत शिक्षा को मजबूत करना, अधिगम मूल्यांकन प्रणाली में सुधार करना, शिक्षा में आईसीटी-सक्षम दृष्टिकोण, शिक्षकों के विकास और व्यावसायिक शिक्षा आदि में मदद करना है।

पीएफ़सी यह सुनिश्चित करता है कि उसकी सभी शिक्षा परियोजनाएं लैंगिक-संवेदनशील हैं, और उन बाधाओं को दूर करने का प्रयास करती है जो लड़कियों और लड़कों को शिक्षा के मामले में समान रूप से लाभान्वित होने से रोक रही हैं।

भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और एक जिम्मेदार निगम के रूप में, पीएफसी शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्रों में विभिन्न सतत और विकासात्मक पहलों को वित्तीय सहायता देकर समाज के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

ह/-

(एस.एस.राव)

मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)